


# मुआवजे और भूमि रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर भड़के किसान

## केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावितों ने लगाया हेरफेर का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर/लुगासी, 22 मई. महात्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित छतरपुर जिले के लुगासी क्षेत्र के किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा.**

**पुश्तैनी जमीनें गलत नामों पर दर्ज**

**असली हकदार मुआवजे से वंचित**

परियोजना के तहत अधिग्रहित की जा रही जमीनों के मुआवजे वितरण और भू-अभिलेखों में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ी को लेकर प्रभावित किसानों ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी गंभीर आपत्तियां दर्ज कराते हुए हेरफेर के आरोप लगाए हैं. नाराज किसानों का कहना है कि वर्ष 1995 में हुए शासकीय बंदोबस्त (सेटलमेंट) के दौरान राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा भारी लापरवाही बरती गई थी. उस समय कई वास्तविक किसानों की पुश्तैनी और काबिज जमीनों के रिकॉर्ड में हेरफेर कर उन्हें गलत या अन्य लोगों के नाम पर दर्ज कर दिया गया था. अब जब केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है, तो शासन-प्रशासन द्वारा मुआवजा भी उन्हीं गलत रिकॉर्ड धारकों के खातों में ट्रांसफर किया जा रहा है, जो सालों से उस जमीन पर काबिज ही नहीं हैं. इस वजह से वास्तविक और पुश्तैनी किसान अपने हक के मुआवजे से पूरी तरह वंचित हो रहे हैं.

### जांच और नए सिरे से मुआवजा निर्धारण की मांग

किसानों ने चेतावनी दी है कि पुश्तैनी जमीनों पर गलत तरीके से मालिकाना हक पाकर मुआवजा हड़पने वाले भू-माफियाओं और इसमें संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. प्रभावित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और केन-बेतवा परियोजना के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि लुगासी क्षेत्र के भूमि रिकॉर्ड्स का दोबारा भौतिक सत्यापन कराया जाए और वास्तविक कब्जाधारियों के दावों की जांच के बाद ही मुआवजे का अंतिम वितरण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा वे अपनी जमीनों पर परियोजना का काम शुरू नहीं होने देंगे.

# खजवा में युवती पर किया धारदार हथियारों से हमला

## ■ शौच से लौटते समय आरोपी ने अचानक किया हमला ■ चेहरे, गर्दन और सिर पर आईं गंभीर चोटें

**नवभारत न्यूज**

**राजनगर/छतरपुर, 22 मई. छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजवा में एक 19 वर्षीय युवती पर चाकू और हंसिया से जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

बीती शाम को खेत से घर लौट रही युवती को गांव के ही एक युवक ने रास्ते में घेरकर उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी. गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खजवा की रहने वाली पूजा अहिरवार (19) बीती शाम करीब 7 बजे शौच के लिए खेत की तरफ गई थी. जब वह वापस अपने घर लौट रही थी, तभी रास्ते में गांव के ही निवासी आरोपी घंसु अहिरवार ने उसे जबरन रोक लिया.

इससे पहले कि युवती कुछ समझ पाती, आरोपी ने चाकू और हंसिया (धारदार हथियार) से उस पर अचानक हमला बोल दिया. इस बर्बर हमले में युवती के चेहरे, गर्दन, सिर और पीठ पर गंभीर व गहरे जख्म आए हैं. चीख-पुकार सुनकर जब तक परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, आरोपी वहां से भाग निकला. परिजन खून से लथपथ युवती को तुरंत एक निजी वाहन से राजनगर थाने लेकर पहुंचे.

मामले की गंभीरता और युवती की नाजुक हालत को देखते हुए पुलिस ने परिजनों को सबसे पहले इलाज कराने की सलाह दी. इसके बाद परिजन उसे राजनगर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवती को जिला अस्पताल लाया गया.



जिला अस्पताल की इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती को गंभीर हालत में लाया गया था, जिसका त्वरित उपचार कर उसे ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है, जहां उसका इलाज जारी है. इधर, राजनगर थाना पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी घंसु अहिरवार की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

# केन नदी के गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

## अवैध रेत उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में फूटा आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**चंदला/छतरपुर, 22 मई.** छतरपुर जिले के चंदला क्षेत्र से गुजरने वाली केन नदी में नहाने गया उत्तर प्रदेश का एक 19 वर्षीय युवक गहरे गड्ढे में समा गया, जिससे पानी में डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई.

इस हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नदी में चल रहे बेतरतीब और अवैध रेत उत्खनन को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. लोगों का साफ आरोप है कि रेत माफियाओं द्वारा किए गए गहरे गड्ढों के कारण ही यह दुखद घटना घटी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गिरवा



थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेरी निवासी रोहित विश्वकर्मा (19) पुत्र मुन्नू विश्वकर्मा के रूप में हुई है. रोहित अपने परिवार के सदस्यों के साथ केन नदी में नहाने के लिए आया हुआ था. नहाते समय वह अनजाने में नदी के बीचों-बीच बने एक बेहद गहरे और खतरनाक गड्ढे की तरफ चला गया. युवक को तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और देखते ही देखते गहरे पानी में डूब गया.

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

मामले की जानकारी देते हुए लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि युवक के शव को नदी से सुरक्षित निकालकर तुरंत चंदला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई. इसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए रोते-बिलखते परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है.



# पटाखा कारखानों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**लवकुशनगर/छतरपुर, 22 मई.** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के उद्देश्य से एसडीएम आयुष जैन एवं एसडीओपी नवीन दुबे द्वारा प्रशासनिक और पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया.

अधिकारियों ने अनुभाग लवकुशनगर के अंतर्गत संचालित पटाखा कारखानों, बारूद मैगजीनों और भंडारण स्थलों का सघन भ्रमण किया. इस दौरान टीम ने सुरक्षा मानकों, स्टॉक रजिस्टरों और लाइसेंस से जुड़ी नियमितताओं की बारीकी से जांच की. अधिकारियों ने संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि परिसर में सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन होना चाहिए, किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## जमीन के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**इछावर.** शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प का मामला सामने आया है. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए. खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार पूरा विवाद एक कॉलोनी के पास स्थित 4 डिसमिल जमीन के कब्जे को लेकर है. इस जमीन को लेकर कोर्ट तहसील में मामला चल रहा था.बीते 30 अप्रैल को तहसीलदार ने रवि नामक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था.



# क्रिकेटर क्रांति इंग्लैंड रवाना

**नवभारत न्यूज**

**घुवारा/छतरपुर, 22 मई.** बुंदेलखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली घुवारा की विश्व चैंपियन महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ आगामी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए इंग्लैंड रवाना हो गई हैं.

ॅउनके रवाना होने से पहले गृह नगर घुवारा में उत्साह और गौरव का माहौल देखा गया. बीती शाम क्रांति गौड़ के निवास पर परिवार, रिश्तेदारों और स्वजनों ने उन्हें पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और शुभ आशीष देकर भावभीनी विदाई दी.

## सरकारी रेडियोग्राफर निकला मास्टरमाइंड

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 22 मई.** स्वास्थ्य विभाग और शासकीय नियुक्तियों में फर्जीवाड़े को लेकर जिले से चौंकाने वाला मामला सामने आया है. बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रेडियोग्राफर हीरा सिंह कौशल ही प्रदेशभर में फर्जी डिग्रियां बनाने और बेचने वाले रैकेट का मुख्य सरगना निकला है. मामला उजागर होने के बाद आरोपी रेडियोग्राफर को बर्खास्त कर दिया गया है. दमोह पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किए गए इस मुख्य आरोपी हीरा सिंह कौशल को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है.

# फर्जी बिल और बिना जीएसटी फर्मों के नाम निकाले लाखों

**नवभारत न्यूज**

**बड़ा मलहरा, 22 मई.** जनपद पंचायत बड़ामलहरा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वीरों में निर्माण कार्यों की राशि को लेकर एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है.

**बड़ामलहरा की वीरो पंचायत में बड़ा घोटाला**

यहाँ सरपंच, सचिव और उपयंत्री (सब-इंजीनियर) की कथित आपसी सहमति से बिना जीएसटी और बिना टिन नंबर वाली फर्जी फर्मों के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान करा लिया गया है.

इस भ्रष्टाचार के कारण शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना लग रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, वीरों पंचायत के सरपंच रामा आदिवासी, सचिव मोतीलाल प्रजापति और उपयंत्री द्वारा 'सिंघई ट्रेडर्स (वार्ड 11, विद्युत मंडल बड़ामलहरा)' के नाम पर बिना टिन और जीएसटी नंबर के ही बिल लगाकर लाखों का भुगतान कराया जा रहा है. चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ फर्में धरातल पर मौजूद ही नहीं हैं और केवल बिल बुक तक सीमित हैं. इसके अलावा, सरपंच द्वारा अपने सगे-संबंधियों के नाम पर भी कच्ची वाउचर रसीदें तैयार कर शासकीय खजाने से मोटी रकम निकाली गई है. यह सारा भुगतान 'पंचायत दर्पण' पोर्टल पर भी दर्ज दिखाई दे रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि कमीशनखोरी के चक्कर में जिला और जनपद स्तर के जिम्मेदार अधिकारी भी इस गंभीर मामले की अनदेखी कर रहे हैं.

इस घोटाले में बिना रॉयल्टी के केवल कागजों पर लाखों घन मीटर रेत का व्यापार दिखाया गया है, जिससे खनन विभाग को भी भारी घाटा हुआ है. हाल ही में आयकर विभाग ने भी जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों से टिन व जीएसटी नंबरों की जानकारी मांगी थी, जिसे अभी तक दबा कर रखा गया है.

### इनका कहना है

'आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, मैं इसे दिखवाता हूँ. अगर फर्जी फर्म और बिना जीएसटी के बिल लगाए गए हैं, तो वह पूरी तरह गलत है. जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. साथ ही यदि सरपंच के सगे-संबंधियों के नाम पर राशि का आहरण हुआ है, तो निश्चित ही उसकी रिकवरी (वसूली) की जाएगी.'

**— ईश्वर सिंह वर्मा, जनपद सीईओ, बड़ामलहरा**

# लुटेरी दुल्हन समेत चार पर मामला दर्ज

## शादी के चार दिन बाद गहने और नकदी लेकर हुई थी फरार

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर नगर, 22 मई.** जिले में शादी के नाम पर धोखाधड़ी और ठगी करने वाली एक 'लुटेरी दुल्हन' का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहाँ महज 4 दिन की शादी और सुहागरात के बाद नई-नवेली दुल्हन अपने पति और ससुराल वालों को चकमा देकर करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के कीमती जेवर लेकर रफूचक्कर हो गई.

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दुल्हन सहित चार लोगों के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज कर लिया है. दुल्हन के अचानक लापता होने और घर से जेवरात व नकदी गायब मिलने पर पीड़ित पति को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ. इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई.



सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ठगी की यह वारदात किशनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लहर निवासी सोनू पाठक के साथ हुई है. पीड़ित सोनू पाठक का विवाह बड़े ही अरमानों के साथ संपन्न हुआ था. लेकिन शादी के महज चार दिन बाद ही दुल्हन ने अपने शातिर मंसूबों को अंजाम दे दिया. वह घर और अस्पताल के घटनाक्रम के बीच ससुराल पक्ष को झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये कैश और शादी में चढ़े सोने-चांदी के सारे आभूषण समेटकर गायब हो गई.

# गंदगी के बीच पानी भरने को मजबूर ग्रामीण

**गौरिहार/छतरपुर, 22 मई.** जिला मुख्यालय से सुदूर गौरिहार जनपद के सरवई क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छता को लेकर पंचायत प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है.

यहाँ के स्थानीय तहसीली नल के आसपास लंबे समय से भारी गंदगी और कीचड़ फैला हुआ है, जिससे ग्रामीण बेहद दूषित माहौल में पेयजल भरने को मजबूर हैं. हैरान करने वाली बात यह है कि इसी एकमात्र नल से सरवई के आधे गांव के लोग और स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने वाले मरीजों के परिजन पीने का पानी ले जाते हैं. ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए स्थानीय सरपंच और पंचायत सचिव पर

**नल के पास कीचड़ का अंबार**

**सरपंच पर अनदेखी का आरोप**

गंभीर आरोप लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि नल के आसपास जलभराव और दलदल की स्थिति को लेकर कई बार पंचायत स्तर पर शिकायतें की गईं और लिखित में भी अवगत कराया गया.



# दलदल सड़क से ग्रामीण परेशान

## बोले- नेता वोट मांगने आते हैं, पर समस्याओं पर नहीं देते ध्यान

**नवभारत न्यूज**

**चंदला, 22 मई.** चंदला विधानसभा क्षेत्र 49 के लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सड़कर के संलग्न ग्राम जमुनिहां में सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. गांव की मुख्य सड़क दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुकी है, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन गांव की मूलभूत समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता. ग्रामीण पुष्पेन्द्र राजपूत, रामबली प्रजापति, सीताराम चौबे, रामबहादुर राजपूत और रंधीर राजपूत ने बताया कि गांव की सड़क की हालत इतनी खराब है कि कई जगहों पर लगभग दो फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी और कीचड़ भरा रहता है. वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है. ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक एवं राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार से भी सवाल करते हुए कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में सड़क निर्माण कराया गया, लेकिन ग्राम जमुनिहां को अब तक अधूरा क्यों छोड़ा गया है. ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गांव में शीघ्र सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराने की मांग की है.

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2005 में सीसी सड़क बनाई गई थी, जो अब पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है. सड़क खराब होने से गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिसके कारण मरीजों को करीब 2 किलोमीटर दूर तक चारपाई और कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ता है. ग्रामीणों का आरोप है कि नल-जल योजना के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइन भी जगह-जगह से लीकेज हो चुकी है, जिससे लगातार पानी बह रहा है और सड़क पर कीचड़ एवं गंदगी फैल रही है. इससे गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और लोग आए दिन बीमार पड़ रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सरपंच से शिकायत की गई, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता है कि सड़क की स्वीकृति नहीं हो रही है. प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनकी समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है.

**खुलासा** | **परिजनों की मारपीट से नाराज होकर छोड़ा था घर**

# लापता युवती ने किया प्रेम विवाह, थाने में खुद को बताया बालिग

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 22 मई.** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पठापुर गांव से 18 मई को लापता हुई 19 वर्षीय युवती किरण अहिरवार के मामले में एक नया और बेहद चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है.

पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद युवती ने स्वयं थाने पहुंचकर न सिर्फ अपने सुरक्षित होने की जानकारी दी, बल्कि अगले ही दिन अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी रचाकर सबको हैरान कर दिया. थाने पहुंची किरण ने पुलिस को बताया कि वह किसी के बहकावे में नहीं आई थी, बल्कि अपने ही परिवार द्वारा की जाने वाली मारपीट से नाराज होकर अपनी मर्जी से घर छोड़कर देरी रोड निवासी 19 वर्षीय नरेंद्र अहिरवार के पास चली गई थी. किरण के अनुसार, नरेंद्र और उसके परिजनों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया था और उसके घर वालों को इसकी सूचना भी दी थी, लेकिन उसके माता-पिता ने उसे वापस ले जाने से साफ इनकार कर दिया. इसके बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाने में युवती की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी थी.

### थाने में नहीं बनी सहमति

मामला तब और आगे बढ़ा जब दोनों युवक-युवती ओरछा रोड थाने पहुंचे. उन्होंने पुलिस अधिकारियों के सामने बयान दिए कि वे दोनों पूर्णत: बालिग हैं और अपनी मर्जी से एक-दूसरे के साथ विवाह करना चाहते हैं. पुलिस ने थाने में दोनों पक्षों (युवक और युवती के परिजनों) को बुलाकर आपसी समझौते और समझाइश की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी. युवती का आरोप है कि उसके परिवार ने उसे अपनाने और रखने से सीधे तौर पर मना कर दिया.

### अगले महीने होनी थी शादी

थाने से सहमति न बनने के बाद, देर रात दोनों छतरपुर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हनुमान टौरिया पहुंचे. यहाँ उन्होंने शिव-पार्वती मंदिर को साक्षी मानकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सिंदूर भरकर विवाह के बंधन में बंध गए. बताया जा रहा है कि अगले महीने जून में युवती के परिजनों द्वारा उसकी धूमधाम से शादी करने की तैयारियां की जा रही थीं लेकिन उससे पहले ही युवती ने अपने प्रेमी नरेंद्र के साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया.